# यूपीईएस ने 5वें साल भी दिया 100 परसेंट प्लेसमेंट

## 2696 स्टूडेंट्स हुए कैंपस प्लेसमेंट में शामिल

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (3 March):** दून स्थित मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने लगातार 5वें वर्ष शत-प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया है. इस वर्ष विवि ने आईटी, ई-कॉमर्स, तेल और गैस, कानूनी, बीएफएसआई, विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, फार्मा, एफएमसीजी, रिटेल, दूरसंचार और अन्य तमाम उद्योगों से 660 से अधिक रिक्रूटर्स के साथ कैंपस प्लेसमेंट की मेजबानी की. इस प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ विवि ने अपने ग्रेजुएट को दी जाने वाली उच्चतम सीटीसी में तीन गुना वृद्धि और औसत सीटीसी में दोगुनी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला है.

### 660 कंपनियों से 2750 ऑफर

बताया गया कि कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 2696 स्टूडेंट्स ने भाग लिया. जिन्हें 660 से अधिक कंपनियों से कुल 2750 ऑफर प्राप्त हुए. यूपीईएस कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने वाली कंपनियों में अमेज़ॅन, माइक्रोसॉफ्ट, एडोब, सिस्को, सेल्सफोर्स, एलएंडटी, आईबीएम, सैमसंग रिसर्च, वीएमवेयर, ईवाई, पीडब्ल्यूसी, कैपजेमिनी, बार्कलेज, एमेक्स, केपीएमजी आदि कंपनियां शामिल रही. ये भी बताया गया है कि टीम उद्योग भागीदारों के साथ ऑन-कैंपस ट्रेनिंग सत्र की सुविधा भी प्रदान की जाती है. हाल में सात स्कूलों के छात्रों की ओर से ट्रेनिंग सेशन में भाग लिया गया. जिनमें योग्यता, सॉफ्ट स्किल्स, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, बायोडाटा लेखन और पोर्टफोलियो निर्माण सहित अन्य क्षेत्र शामिल रहे. इसका उद्देश्य ये रहा कि छात्र न केवल एकेडमिक रूप से कुशल हैं, बल्कि वर्तमान दौर के कॉम्पिटीशन में वे व्यावहारिक कौशल भी रख पाएं. कैंपस के सभी रिक्रूटर्स में से कॉग्निजेंट ने सबसे अधिक संख्या में ऑफर पेश किए. इसके अलावा यूपीईएस उभरते इंडस्ट्रियलिस्ट के लिए रनवे नामक एक स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर कार्यक्रम का भी संचालन कर रहा है. रनवे छात्रों को उनके उद्यमशीलता विचारों को संपन्न व्यवसायों में बदलने में मदद करने के लिए फंडिंग, मेंटरशिप और एक्सेलेरेटर वर्कशॉप जैसे आवश्यक संसाधन प्रदान करता है.